पितृकर्म प्रकाश
एवं
अन्त्येष्टि विधान

सम्पादक

डॉ. वेद प्रकाश शास्त्री (ज्योतिषाचार्य)

सु० स्व० पं० चेतराम जी रैणा

सह सम्पादक

पं० इन्द्र प्रकाश शास्त्री

पितृकर्म प्रकाश
एवं
अन्त्येष्टि विधान

पितृकर्म प्रकाश
एवं
अन्त्येष्टि विधान

सम्पादक

डॉ. वेद प्रकाश शास्त्री (ज्योतिषाचार्य)

सु० स्व० पं० चेतराम जी रैणा

सह सम्पादक

पं० इन्द्र प्रकाश शास्त्री

शारदा पुस्तकालय
(संजीवनी शारदा केन्द्र)
क्रमांक 748

प्रकाशक

अनिल गोयल, पानीपत

क्रमांक ..718..........

प्रकाशक : **अनिल गोयल**
पानीपत

सर्वाधिकार : **सुरक्षित**

मूल्य : **श्रद्धापूर्वक एवं सविधि कृत्य करवाना**

शब्द संयोजन : **प्रखर इंटरनेशनल**
किशन गंज, दिल्ली-7

मुद्रक : **डी० के० फाईन आर्ट प्रैस प्रा० लि०**
अशोक विहार, दिल्ली-52

शारदा पुस्तकालय
(संजीवनी शारदा केन्द्र)
क्रमांक...7-98

विषय सूची

क्र.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	7–9
2.	मृत्युकाले दीप दानादि संकल्प	10
3.	अंत्येष्टि कर्म	11–14
4.	प्रार्थना	15
5.	अरदास	16–18
6.	पंचक विधान	19
7.	अस्थि संचय	20–26
8.	दशपिण्डी (दशगात्रविधिः)	27–30
9.	एकादशाह	31
10.	पिण्ड छेदन (सपिण्डन श्राद्ध)	32–33
11.	शय्यादान	34
12.	गौ दान	34
13	धर्मशान्ति प्रकरण	38–63
14.	धर्मशान्ति	39
15.	स्वस्तिवाचन एवं गणपत्यादि पूजन	41–43
16.	कलश स्थापन	44–45
17.	नवग्रह पूजन	46
18.	दश दिक्पाल पूजन	47–48

19. हवन 49-52
20. धर्मशान्ति पिण्ड दान 53-60
21. शय्या दान 61
22. गौदान एवं त्र्योदश पद दान 62-63
23. चातुर्वाषिक (चौवरसी) श्राद्ध 64-77
24. महालय श्राद्ध संकल्प विधि 78-86
25. शास्त्रीय गौदान विधि 87-90
26. सूतक-पातक निर्णय 91-95

भूमिका

ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय, नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च॥

'जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उज्यते'

हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने मनुष्य मात्र के लिए सर्वोच्च स्थान की प्राप्ति हेतु वेद पुराण आदि शास्त्रीय ग्रन्थों में अनेक नियम प्रस्तुत किए। 'धर्म-अर्थ, काम-मोक्ष' चारों पुरुषार्थों को व्यक्ति प्राप्त करे इसके लिए विविध संस्कारों के द्वारा मानव मात्र को उज्ज्वल मार्ग प्रदर्शित किया। गर्भाधान से लेकर मृत्यु पर्यन्त अठ्ठतालीस संस्कार नियत किए गए परन्तु युगान्तर में षोडश संस्कार ही प्रमुख माने जाने लगे अन्ततोगत्वा इस समय गिने चुने चार-पांच संस्कार ही शेष रह गए हैं। संस्कारों की क्या आवश्यकता थी? इस विषय में एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा हूँ—पेड़ से लकड़ी काट दी जाती है परन्तु जब उस लकड़ी को उत्तम शिल्पी अपने हाथों से संस्कृत कर मेज, कुर्सी, पलंग आदि का रूप दे देता है तो उसीलकड़ी का मूल्य बढ़ जाता है। इसी प्रकार संस्कारों से मनुष्यों में गुण प्रकट होते हैं, दोष परिमार्जित होकर व्यक्ति में पुरुषार्थ चतुष्टय प्राप्त करने की शक्ति समाहित हो जाती है। उचित समय पर निर्दिष्ट संस्कारों के किए जाने से मानव इह लौकिक सुख समृद्धि के साथ पारलौकिक आनन्द भी प्राप्त करके मनुष्य जन्म को सफल कर लेता था परन्तु आधुनिक युग में कालवश व्यक्ति धर्म से विमुख होकर दृश्य जगत् को ही सर्वस्व समझ कर सनातन नियमों की अवहेलना करते हुए धन और काम को ही अपना लक्ष्य मान चुका है तथा धर्म और मोक्ष के नाम तक को भूलता जा रहा है इसी कारण से आज मानव अभावग्रस्त, दुःखी एवं अशान्त है। जिस प्रकार समुद्र से जल वाष्प होकर बादल बनकर, पृथिवी पर बरसते हुए नदी, नालों के रूप में विभक्त हो जाता है परन्तु उसे शान्ति तभी प्राप्त होती है जब पुनः समुद्र में मिल जाता है इसी प्रकार ईश्वर का अंश जीव मायावश पृथक होकर योनियों में भटक रहा है परन्तु अपने परम

पद को प्राप्त किए बिना इसे शान्ति नहीं मिल सकती। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जीव को विविध संस्कारों से उस पद को पाने का अधिकारी बनाने का प्रयत्न किया गया था क्योंकि पात्रता (योग्यता) से ही व्यक्ति कुछ प्राप्त कर सकता है। अतः विस्तार में न जाते हुए मैं इतना ही कहना चाहूँगा कि हम कहीं आधुनिकता की दौड़ में अपने अस्तित्व को भूलकर सभ्यता के नाम पर असभ्य न हो जाऐं? मनुष्यता से पशुता की ओर (पशुओं की तरह खड़े-खड़े खाना, खड़े-खड़े पेशाब करना आदि पश्चिमी सभ्यता के नाम पर) बढ़ते हुए अपने शाश्वत सनातन धर्म को न भूल जाऐं।

अस्तु, देव, ऋषि और पितृ ऋण इन तीन ऋणों से उऋण होने के लिए मानव मात्र के लिए कर्मकाण्ड का विधान निश्चित किया गया है, यज्ञ, देवपूजा होमादि से देव ऋण, स्वाध्याय, वेद, पुराण उपनिषदादि के पारायण से ऋषि ऋण एवं गुरुजनों की सेवा, सन्तान परम्परा तथा मृत पितरों के निमित्त किए गए श्राद्ध पिण्ड दानादि से पितृ ऋण से व्यक्ति मुक्त होता है।

षोडश संस्कारों के अन्तर्गत अन्तिम संस्कार अन्त्येष्टि संस्कार है इस संस्कार की निष्पन्नता से जीव का कल्याण होता है। व्यक्ति किए हुए कर्मों को अवश्य भोगता है— **'अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्'** पुत्र को आत्मज कहते हैं अर्थात् वह पिता का अपना ही रूप होता है। जैसे पिता आदि पूर्वजों के द्वारा किए गए कर्मों का फल भावी संताने भोगती हुई दिखाई देती हैं उसी प्रकार पुत्र, पौत्र आदि सन्तानों के द्वारा कृत कर्म पितरों को सुख-दुख (स्वर्ग, नरक) की प्राप्ति कराने में सहायक होते हैं। परिवार के प्रत्येक सदस्य के द्वारा प्रतिपादित कर्म सम्पूर्ण परिवार पर प्रभाव डालते हैं उदाहरणार्थ एक सदस्य धनोपार्जन करता है शेष सभी उपभोग करते हैं, शैशवावस्था एवं कौमारावस्था में प्राणी माता-पिता के द्वारा उपासित कर्मों का फल प्राप्त करता हुआ समय व्यतीत करता है। इसी प्रकार एक के द्वारा दुष्कर्म किए जाने पर परिवार के शेषजन भी दुखी हुए बिना नहीं रह सकते अर्थात् व्यक्ति दूसरे के द्वारा किए गए कर्मों से भी प्रभावित होता है। इसी आधार पर पुत्रों द्वारा किया अन्त्येष्टि संस्कार, श्राद्ध पिण्ड आदि क्रियाऐं मृत व्यक्ति को परलोक में उसके सुख में सहायक होती हैं जैसे भारतदेश में स्थित व्यक्ति के द्वारा भेजा हुआ रुपयों का मनीआर्डर अमेरिका में उसके सम्बन्धी को रुपयों के आकार में न मिलकर डालर के रूप में प्राप्त होगा इसी प्रकार प्रेतात्मा या पितरात्मा के निमित्त किया गया श्राद्ध पिण्ड आदि वायु के द्वारा एवं चन्द्र कलाओं (तिथियों) के माध्यम से उस जीव को देहान्तर में (जिस योनि में उसका जन्म हुआ हो उसी के अनुरूप आहार, सुख सुविधा आदि के रूप में) उसकी प्राप्ति होती है।

यद्यपि मुक्त जीव को इन सब की आवश्यकता नहीं रहती परन्तु मोह माया आदि में जकड़े हुए जीव के उद्धार के लिए ये सब कृत्य परमावश्यक हैं अन्यथा उसे दुर्गति का सामना भी करना पड़ सकता है अतः पूर्वजों की सद्गति हेतु एवं वंश की शुद्धतार्थ तथा पितृऋण से उऋण होने के लिए व्यक्ति को श्रद्धापूर्वक ये कार्य करने चाहिए क्योंकि—

'श्रद्धया क्रियते यत् तच्छ्राद्धमित्युच्यते'

अर्थात् जिसे श्रद्धा से किया जाए वही श्राद्ध कहा जाता है परन्तु— **'पितरःवाक्य-मिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः।'** इसके अनुसार शुद्ध (उच्चारण) रूप से किया गया कर्मकाण्ड इस लोक और परलोक में अक्षय एवं अमोघफल देने वाला होता है। कभी-कभी हमारे समाज में ऐसे अनेक अवसर आ जाते हैं जब अन्त्येष्टि संस्कार कराने के लिए विद्वान् का मिलना और कर्म का यथावत्-सम्पादित होना एक समस्या बन जाती है। इस परम्परागत विद्या को सुरक्षित रखने के लिए यह पुस्तक समाज को समर्पित है इसमें हिन्दी में विधि का निर्देशन किया गया है तथा दाह संस्कार, अस्थिसंचय दशपिण्डी, एकादशाह धर्मशान्ति एवं महालय श्राद्धों में संकल्प विधि शास्त्रीय गोदानविधि, चतुर्वार्षिक श्राद्ध तथा सूतक पातक निर्णय का समावेश किया गया है ताकि साधारण पढ़े-लिखे पण्डित भी इसके द्वारा पूरा कर्म यथोचित रूप में करा सकें। मैं श्री इन्द्रप्रकाश शास्त्री, पं. नरेन्द्रजी (नोशहरा) एवं पं. चमनलाल जी का आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के लिए अपना सहयोग प्रदान किया। श्री अनिल गोयल जी का भी मैं कृतज्ञ हूँ जिन्होंने इसके प्रकाशन में सहायता प्रदान की।

प्रस्तुत पुस्तक पूज्य पितृ चरणों की पावन स्मृति में समर्पित करते हुए मैं आशा करता हूँ कि— पण्डित वर्ग एवं आस्तिक विद्वान् जन समुदाय इसे अपना कर हमारा उत्साहवर्धन कर कृतार्थ करेंगे।

विनीत

डॉ० वेद प्रकाश शास्त्री
सु०पं० चेतराम जी रैणा
भौर कैम्प वार्ड नं०2 जम्मू

॥ अथ मृत्युकाले दीपदानादि संकल्प ॥

हरि ॐ विष्णुः विष्णुः विष्णु तत्सदद्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीय परार्द्धे श्री श्वेत वराहकल्पे वैवस्वत मन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलि प्रथम चरणे आर्यावर्तैक देशान्तरगते पुण्य वृहस्पति क्षेत्रे सूर्य उत्तरायने (दक्षिणायने) मासोतमे मासे अमुक मासे, अमुक पक्षे, अमुक तिथौ अमुक वासरे, अमुक गोत्रोत्पन्नोऽहं अमुक शर्मा (वर्मा, गुप्ता, दासोऽहंवा) श्रुति स्मृति पुराणोक्त पुण्यफल प्राप्ति काम; पाप क्षयार्थं यममार्गे घोरान्धकार निवारणार्थं च दीपदानमहं करिष्ये।

इसी प्रकार—'अन्तकाले वैतरणी तर्तुकामः (वैतरणी निमित्त) गोदानमहं (गोरभावेन दक्षिणा द्रव्यं वा) करिष्ये।' (दातुमहमुत्सृजे)

लोहा, ताम्र, कांस्य पीतल धात्वादि निर्मित पात्रादि दानं माषमुद्गं तिलगोधूम तण्डुलादि अन्नादि दानमहं करिष्ये।

अथवा

अद्येति संकीर्त्य मम जन्मकालाद् आरभ्य अद्यावधि ज्ञाताज्ञात कायिक वाचिक मानसिक, सांसर्गिक, सकल पातकानां निरासार्थ श्री परमेश्वर प्रीत्यर्थं तिलादि अष्ट धान्यानि गोभू हिरण्य तिलाज्य वस्त्र, धान्य, गुड़, रजत, लवण, लोहा, ताम्र पात्र वैतरण्यादि धेनु दानमहं करिष्ये।

दान प्रतिष्ठा—इदं वैतरणी निमित्तक धेनुदान प्रतिष्ठार्थमिदं द्रव्यं यथानाम गोत्राय अमुक शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं संप्रददे।

!! अन्त्येष्टि-कर्म !!

शव को स्नानादि कराने के पश्चात् कर्मकर्ता तिल, दूध, मधु, घी आदि डाल कर जौ या चावल के आटे से पांच पिण्ड बनाकर बर्तन में रख ले और फिर अपसव्य (दाएँ कंधे पर जनेऊ रखकर) होकर शव के दक्षिण भाग में दक्षिणाभिमुख बैठकर देशकालादि का संकीर्तन कर और्ध्वदैहिक कर्म के निमित्त प्रतिज्ञा संकल्प करें—

'ॐ अद्यामुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्या उत्तम लोक प्राप्त्यर्थम् और्ध्व दैहिकं करिष्ये'।

तदनन्तर दक्षिणाग्र तीन कुशाएं रख कर 'शव' नामक पिण्ड को कुशाओं पर रखे, पहले अवनेजन करे—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत अत्रावनेनिक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अवनेजन (जल, पुष्प, तिल) कुशाओं पर छोड़ कर पिण्ड हाथ में लेकर—

अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत मृतिस्थाने शव निमित्तो ब्रह्मदैवतो वा एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

इससे कुशाओं पर रख दें। फिर पिण्ड पर प्रत्यवनेजन दे—

अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत अत्र पिण्डोपरि प्रत्यवनेनिक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड पर जल पुष्प तिल चढ़ा दे। यज्ञोपवीत सव्य (बाएं कंधे पर) करके प्रार्थना करे—

ॐ अनादि निधनो देवः शंखचक्रगदाधरः

अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्ष प्रदोभव।

इसके पश्चात् पिण्ड को शव के कफन में बांधकर शव को चार आदमी उठाकर द्वार पर ले आऐं और वहाँ पर कर्मकर्त्ता पूर्वोक्त विधि से (प्रत्येक पिण्डदान से पूर्व

अवनेजन, पिण्डदान के पश्चात् प्रत्यवनेजन अवश्य दें) यज्ञोपवीत दाएं कंधे पर कर पांथ निमित्तक पिण्ड दें। पूर्ववत् अवनेजन देकर पिण्ड हाथ में लेकर

अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत द्वार देशे पांथ निमित्तो

विष्णु दैवतो वा एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

कुशाओं पर पिण्ड रख दे फिर प्रत्यवनेजन करे। उसके बाद जनेऊ सख्य (बाएं कंधे पर) करके प्रार्थना करें—

ॐ अनादि निधनो देवः शंखचक्रगदाधरः।

अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्षप्रदोभव॥

इसके बाद शव यात्रा में भाग लेने वाले छोटे भाई पुत्रादि जन यवादि निर्मित पिण्ड लेकर यमराज का स्मरण करते हुए शव को भली प्रकार कफ़न में लपेट कर चद्दर आदि वस्त्रों से आच्छादित कर आगे कर श्मशान में ले जाऐं।

(मध्य में यदि चौराहा आए तो उस स्थान पर देने के लिए भी एक अतिरिक्त पिण्ड बनाकर पूर्वोक्ति विधि से अवनेजन करके खेचर निमित्तिक पिण्ड दें—

अद्यामुक गोत्राऽमुक प्रेत चत्वर खेचर निमित एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

तदनन्तर प्रत्यवनेजन दे, प्रार्थना करें। इसी प्रकार आगे चलकर) गांव और श्मशान के मध्य विश्राम स्थान में शव को रखकर पूर्वोक्ति विधि से विश्राम पिण्ड अवनेजन के पश्चात्—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत विश्रान्तौ भूतनाम्ना

रुद्र दैवतो वा एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड दान कर प्रत्यवनेजन करने के बाद जनेऊ बाऐं कंधे पर (सव्य) कर—

ॐ अनादि निधनो देवः शंखचक्रगदाधरः।

अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्ष प्रदोभव॥

प्रार्थना करें तथा जल के पात्र (घड़े) से अखण्ड धारा शव के चारों ओर देकर पात्र को फोड़ दे तथा पुनः सभी बान्धवादि मृत (शव) के पीछे श्मशान में जाऐं।

इसके पश्चात् भूमि शोधक उपायों से भूमि समतल कर गोबर से प्रोक्षणकर गंगादि तीर्थों का मन में ध्यान कर उस स्थान पर कुशतिलादि फैलाकर उस पर आम,

पीपल, तुलसी चन्दनादि यज्ञीय काष्ठ से चिता निर्माण करे। चिता पर उत्तर की ओर सिर तथा दक्षिण की ओर पैर कर शव को सबस्त्र लिटा दें।

तब चिता स्थान में वायु नामक पिण्ड दें।

पहले जनेऊ अपसव्य (दाएं कंधे पर) कर कुशत्रय विछा कर पुष्प जल तिल लेकर पिण्ड स्थान पर अवनेजन देने के पश्चात् पिण्ड लेकर— **अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत चितास्थाने वायुनिमित्तको यम दैवतो वा एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।**

भूमि पर रखकर प्रत्यवनेजन देकर जनेऊ सव्य (बाएं कंधे पर) कर प्रार्थना करें—

ॐ अनादिनिधनो देवः शंखचक्रगदाधरः।

अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्षप्रदोभव॥

फिर शुद्ध भूमि में वेदी बनाकर पंच संस्कार कर क्रव्याद् संज्ञक अग्नि प्रज्वलित कर गन्ध पुष्पादि से उसकी पूजा कर घी की दो-दो आहुतियाँ लोमभ्यः स्वाहा इत्यादि मन्त्रों से दें—

ॐ लोमभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं लोमभ्यो न मम

ॐ त्वचे स्वाहा-स्वाहा इदं त्वचे नमम

ॐ लोहिताय स्वाहा-स्वाहा इदं लोहिताय नमम।

ॐ मेदोभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं मेदोभ्यः न मम।

ॐ मांसेभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं मासेभ्यो न मम।

ॐ स्नायुभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं स्नायुभ्यो न मम।

ॐ अस्थिभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं अस्थिभ्यः।

ॐ मज्जाभ्यः स्वाहा-स्वाहा इदं मज्जाभ्यः।

ॐ रेतसे स्वाहा-स्वाहा इदं रेतसे॥

तदनन्तर निम्न मन्त्रों से एक-एक आहुति दें—

ॐ पायवे स्वाहा इदं पायवे॰

ॐ आयासाय स्वाहा इदं आयासाय॰

ॐ प्रायासाय स्वाहा इदं प्रायासाय॰

ॐ संयासाय स्वाहा इदं संयासाय॰

ॐ वियासास स्वाहा इदं वियासाय॰

ॐ उद्यासाय स्वाहा इदं उद्यासाय॰

ॐ शुचे स्वाहा इदं शुचे॰

ॐ शोचते स्वाहा इदं शोचते॰

ॐ शोचमानाय स्वाहा इदं शोचमानाय॰ ॐ शोकाय स्वाहा इदं शोकाय॰
ॐ तपसे स्वाहा इदं तपसे॰ ॐ तप्यते स्वाहा इदं तप्यते॰
ॐ तप्यमानाय स्वाहा इदं तप्यमानाय॰ ॐ तप्ताय स्वाहा इदं तप्ताय॰
ॐ घर्माय स्वाहा इदं घर्माय॰ ॐ निष्कृत्यै स्वाहा इदं निष्कृत्यै॰
ॐ प्रायश्चित्यै स्वाहा इदं प्रायश्चित्यै॰ ॐ भेषजाय स्वाहा इदं भेषजाय॰
ॐ यमाय स्वाहा इदं यमाय॰ ॐ अन्तकाय स्वाहा इदं अन्तकाय॰
ॐ मृत्यवे स्वाहा इदं मृत्यवे॰ ॐ ब्रह्मणे स्वाहा इद ब्रह्मणे॰
ॐ ब्रह्महत्यायै स्वाहा इदं ब्रह्महत्यायै॰ ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा॰
इदं विश्वेभ्यो देवेभ्यो॰ ॐ द्यावापृथिवीभ्यां स्वाहा इदं द्यावापृथिविभ्यो॰

उपर्युक्त आज्य आहुतियाँ देकर शव के हाथ में साधक नामक पिण्ड दें—

ॐ अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत शवहस्ते साधक निमित्तः
प्रेतदैवतो वा एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्

तदनन्तर पुत्रादि कर्मकर्त्ता काष्ठ तृणादि क्रव्याद अग्नि से प्रज्वलित कर शव की प्रदक्षिणा कर सिर और पैर की ओर अग्नि दे और मन्त्र पढ़े—

कृत्वा तु दुष्कृतं कर्म जानता वाप्यजानता।
मृत्युकालवशं प्राप्य नरं पंचत्वमागतम्॥
धर्माधर्म समायुक्तं लोभमोह-समावृतम्।
दहेयं सर्वगात्राणि दिव्यान लोकान् स गच्छतु॥

तदनन्तर प्रार्थना करें—

ॐ त्वं भूतकृत् जगद्योने त्वं लोकपरिपालकः।
उक्तः संहारकः तस्मादेनं स्वर्गं मृतं नय॥

मन्त्र पढ़कर खूब जोर से तीन बार रोए!

शव के आधा जल जाने पर बांस या किसी लकड़ी से कर्मकर्ता शव की कपाल क्रिया (शवमस्तक का छेदन) कर लकड़ी को दक्षिण दिशा की ओर फेंक दें—

(विशेष—कपाल क्रिया से पहले सम्बन्धी पुत्रादि एवं गोत्रज चिता की सात प्रदक्षिणा करें।)

तदनन्तर सभी उपस्थित जन प्रार्थना करें—

प्रार्थना

ॐ गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मैश्री गुरवेनमः॥
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः॥
अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन श्लाघया।
चक्षुर्मिलितं येन तस्मैश्री गुरवे नमः।

ॐ जयन्ति मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।
सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तुते॥
शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे।
सर्वस्यार्ति हरे देवि नारायणि नमोऽस्तुते॥

ॐ शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्।
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्॥
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिर्भिर्ध्यान गम्यम्।
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलौकेकनाथम्॥

ॐ ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं, चारुचन्द्रावतंसम्।
रत्नाकल्पो ज्वालाङ्गं परशुमृगभराभीति हस्तं प्रसन्नम्॥
पद्मासीनं समन्तात् स्तुतममरगणैः व्याघ्रकृतिं वसानम्।
विश्वाद्यं विश्ववीजं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥

ॐ नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै 'न' काराय नमः शिवाय॥

मन्दाकिनी सलिलचन्दन चर्चिताय नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय।
मन्दार पुष्प बहु पुष्प सु पूजिताय तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय॥
शिवाय गौरिवदनाब्जवृन्द सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय।
श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय॥
वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमार्य मुनीन्द्रदेवार्चित शेखराय।
चन्द्रार्कवैश्वानर लोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय॥
यक्षस्वरुपाय जटाधराय, पिनाकहस्ताय सनातनाय।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै 'य' काराय नमः शिवाय॥
पंचाक्षरमिदं पुण्यं यः पठेत् शिवसन्निधौ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेनसह मोदते॥

ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वेसन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चित् दुखभाग्भवेत्॥

ॐ अनादिनिधनोदेवः शंखचक्रगदाधरः।
अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्षप्रदोभव॥
अत्र अस्माभिः कृत प्रार्थनया अस्य
जीवस्य सद्गतिः भवतु पूर्व परिवारे च सुखशान्तिः चास्तु॥

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ शान्तिः, शान्तिः, शान्तिः॥

अथवा हिन्दी में प्रार्थना करें—

अरदास

प्रथम भगवान को सिमरये वराह जी करें सहाय।

यज्ञपुरुष नर नारायण को ध्याइए, जिस डिठियां सब दुख जाए॥
मच्छ कच्छ को सिमरये श्री नरसिंह रूप बनाय।
श्री बामन हरि का नाम ले, घर आवें नौ निधि धाय॥
श्री रामचन्द्र जी को सिमरये जो प्रकट में करें सहाय।
मुख पुनीत, रसना पवित्र, घट घट रहे समाय॥
दशम अवतार श्री कृष्णचन्द्र भगवान, त्रिलोकी आत्माय
जगत रक्षक, हाजिर-नाजिर, निरंजन, निराकार, ज्योति स्वरूप
अखिल जगत के रक्षपाल, सव थाईं होत सहाय,
सब थाईं होत सहाय। धन्य धन्य श्री गंगा माता
तरन तारनी सब दुख निवारिणी, तेरी महिमा कही न जाय
तेरी महिमा कही न जाय।
चार धाम, चौरासी अड्डे, तीन सौ साठ तीर्थों का ध्यान
धरकर सब बोलो श्रीराम-श्रीराम।
चार खानी, चार बानी, चन्द्र सूर्य पवन पानी
धरती आकाश पाताल तैंतीस करोड़ देवी देवताओं का ध्यान
धरकर सब बोलो श्रीराम-श्रीराम।
ध्रुवभक्त, प्रह्लाद भक्त, राजा हरिश्चन्द्र, राजा बलीचन्द्र
तिनकी कमाई बल ध्यान धरकर सब बोलो श्रीराम-श्रीराम।
हे दीन बन्धु, पतित पावन, दीनानाथ भगवान, सभी उपस्थित
जन समुदाय की विनती है आपकी आज्ञा से इस जीव का इस संसार से
देहावसान हुआ है इसे आप अपने चरणों में स्थान दें
सद्गति प्रदान करें तथा शेष परिवार में अपनी कृपा
बनाएं रखें—बोलिए शंकर भगवान की जय।

तदनन्तर स्नानार्थ नदी आदि के तट पर जाऐं वहां दक्षिण की ओर मुखकर मौनभाव से स्नान करें परन्तु अंगों को न मलें। इसके बाद दो वस्त्र धारण कर

आचमनकर जल में, पत्थर पर अथवा पवित्र तट पर दक्षिणाग्र तीन कुशाओं पर कुश तिल जल पूर्ण अञ्जलि से अपसव्य होकर (दाएं कंधे पर जनेऊ कर) पितृ तीर्थ (तर्जनी अंगुष्ठ के मध्य भाग) से—

अद्याऽमुक गोत्राऽमुक प्रेत दाह तृषा निवारणार्थ एष

तिलतोयांजलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पढ़कर दाहतृषा के निवारण के लिए एक-एक या 13-13 अंजलियां दे। तदनन्तर पीपल के मूल में प्रेत की दाह तृषा निवारण के लिए घड़े को जल से भरकर उसमें तिल, पुष्प, दूध छोड़कर दान करना चाहिए—

अद्यामुक गोत्राऽमुक प्रेत एष तिल तोय दुग्ध सहित

घटः अद्यदिनादारभ्य दश दिन पर्यन्तमश्वत्थमूले ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

इसके पश्चात् बिना पीछे देखे ईश्वर स्मरण करते हुए गांव को लौटे और घर के पास पहुंचकर नीम के पत्ते चबा कर आचमन कर गोबर, अग्नि आदि का स्पर्श कर घर में प्रवेश करे। वयोवृद्ध एवं ज्ञानवृद्ध शोकार्त के शोक को (संसार की निस्सारता बखान कर) दूर करें।

तृणच्छेदन मन्त्र

यत एषागतः प्रेतस्तत्रैव प्रति गच्छति।
त्वया शोको न कर्तव्यः यत्रत्यस्तत्र गच्छति॥

क्रियाकर्म करने वालों को निम्न नियमों का पालन करना चाहिए—ब्रह्मचर्य से रहे, नीचे बैठे और नीचे सोये, किसी पतित अथवा अशुद्ध का स्पर्श न करे, दान अध्ययनादि न करे, सब भोगों का परित्याग कर प्रेतक्रिया को छोड़कर और कुछ न करें। रात्रि में भोजन न करें दिन में ही एक बार आहार ले। इच्छा हो तो चौराहे, श्मशान अथवा घर में प्रेत के लिए दीप दान करना चाहिए।

सूर्यास्त से अर्धरात्रि पर्यन्त अन्तरिक्ष में दूध-जल दान करे इसके लिए त्रिकाष्ठिका में एक मिट्टी के पात्र में जल, दूसरे में दूध भरकर दक्षिण की ओर मुखकर—

अमुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य आप्यायानार्थं तापोपशमनार्थं च आकाशे मृण्मये पात्रे क्षीरोदकयोः निधानमहं करिष्ये।

संकल्प करके—

ॐ श्मशानानल दग्धोसि परित्यक्तोसि बांधवैः।

इदं नीरमिदं क्षीरमत्र स्नाहि इदं पिब॥

इस प्रकार एक, तीन, या दस रात तक रात्रि में करना चाहिए।

अथ पंचक विधानम्

यदि व्यक्ति की मृत्यु धनिष्ठादि पंचको (धनिष्ठा उतरार्ध, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तरा भाद्रपदा, रेवति नक्षत्रों में अर्थात् कुम्भ, मीन के चन्द्र में) में हो तो पंचक शान्ति आवश्यक है अन्यथा परिवार के अन्य व्यक्ति की मृत्यु निश्चय ही हो जाती है। पंचक शान्ति के लिए कुश के पांच पुतले बनाकर ऊनी धागा लपेट कर जौ के आटे से उन्हें पोतकर एक शव के सिर पर, दो कोख में, एक नाभि में तथा एक पांवों के बीच रखकर कर्मकर्ता स्वयं शव के सिरहाने दक्षिणाभिमुख बैठ कर अपसव्य होकर अग्नि जलाकर देशकाल का संकीर्तन कर—

अमुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य धनिष्ठादि पचक जन्नित दुर्मरण सूचित वंशारिष्ट विनाशार्थं पंचक विधानं करिष्ये—

घी की आहुति दे—

ॐ प्रेतवाहाय स्वाहा, ऊं प्रेत सखाय स्वाहा
ॐ प्रेताधिपाय स्वाहा, ऊं प्रेत भूमिपाय स्वाहा

ॐ प्रेत हर्त्रे स्वाहा।

धनिष्ठा नक्षत्रस्य आहुति—

ॐ वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारं
देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वा
कामधुक्षः स्वाहा॥ 1॥

शतभिषा मन्त्र—

ॐ वरुणस्योतंभनमसि वरुणस्य स्कम्भ सर्जनीस्थो
वरुणस्य ऋत सदन्यसि वरुणस्य ऋत सदनमसि
वरुणस्य ऋत सदनमासीद स्वाहा॥ 2॥

पूर्वाभाद्रपदा मन्त्र—

ॐ इत नो हिर्बुध्न्यः शृणोत्वजऽएकपात्पृथिवीं समुद्रः
विश्वेदेवा ऋतावृधो हुवाना स्तुता मंत्रा कविशस्ता अवन्तु स्वाहा॥ 3॥

उत्तराभाद्रपदा मन्त्र—

ऊं शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्तेऽस्तुमा माहि ꣳ सी।
निवर्तयाम्यायुषेनाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय
सुवीर्याय स्वाहा ॥ 4॥

रेवति मन्त्र—

ॐ पूषन्तव व्रते वयन्नरिष्येम कदाचन।

स्तोतारस्त इहस्मसि स्वाहा॥

ॐ प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु उग्रावः।

सन्तु वाहवो ना धृष्या यथासथ स्वाहा।

उपरोक्त मन्त्रों से घी की आहुति देकर उन कुशा के पुतलों के साथ शव को दाह विधि से जला दें। उसके बाद (पातक) की समाप्ति के पश्चात् पंचक शान्ति करनी चाहिए।

अस्थि संचयनम्

अस्थि संचय निमित्त सामग्री एकत्रित कर श्मशान में जाकर स्नान कर भू शोधनकर (गोबर से लीप कर) चावल बना तदनन्तर दीप प्रज्वलित कर पवित्र *(कुशाऐं) धारण कर पूर्वाभिमुख बैठकर आचमन प्राणायाम करके—

ॐ पवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः पुण्डरीकाक्षः पुनातु॥

इससे अपने पर तथा श्राद्ध सामग्री पर कुशा से जल छिड़के तदनन्तर विनियोग करें—

ॐ पृथिवीति मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता

आसन शोधने विनियोगः

पृथिवी पर फूल अक्षत चढ़ाऐं—

ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

---

* दाएं हाथ में 2, बाएं में 3, शिखा, आसन के नीचे, कटि प्रदेश तथा यज्ञोपवीत में एक एक कुश धारण करें।

त्वञ्च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

पृथिव्यै नमः।

फिर धूप और दीप की पूजा करने के पश्चात् प्रतिज्ञा संकल्प करे—देशकाल का संकीर्तन कर—

अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्ति पूर्वक

सद्गति प्राप्त्यर्थं अस्थि संचय निमित्तकं श्राद्धं करिष्ये।

पुनः अपसव्य हो, दक्षिणाभिमुख, वायां घुटना मोड़ कर दाऐं हाथ में मोटक जल तिल लेकर—

अद्यामुक गोत्र, अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट श्राद्धे इदमासनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

प्रेत के लिए कुशासन प्रस्तुत करें।

फिर तिल लेकर—

ॐ अपहता असुरा रक्षा ꣳ सि वेदिषदः।

मन्त्र से प्रेतासन पर तिल डाले तथा आवाहन करे—

इह लोकं परित्यज्य गतोसि परमां गतिम्।

मनसा वायुरुपेण चटे त्वामहं निमन्त्रये॥ 1॥

ॐ आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वाताः पथिभिर्देवयानैः॥

अस्मिन् यज्ञे स्वधयामदन्तोऽधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्॥ 2॥

तदनन्तर आटे या पत्तल से बना दोना ले उसमें दक्षिणाग्र एक कुशा रखकर

ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये।

शंय्योरभिस्रवन्तु नः।

मन्त्र से जल डालकर फिर—

ॐ तिलोऽसि सोमदैवत्यो गोसवो देवनिर्मितः।

पृत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितॄन् लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा।

इससे तिल डालकर गन्ध पुष्प डालें।

तब अर्घपात्र को बाएं हाथ पर रख, कुशा उठा कर भोजनपात्र पर रख कुछ उदकान्तर दें, दाएं हाथ से ढांपे—

ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्वभूवुर्या अन्तरिक्षाः उत पार्थवीर्य्याः। हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः स ꣳ स्योनाः सुहवा भवन्तु।

पढ़कर दाएं हाथ में जल लेकर—

अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट

श्राद्धे एष ते हस्तार्घो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

इससे अर्घ पवित्र पर दें, अर्घपात्र को प्रेतासन के वाम भाग में उल्टा रख दे। (ॐ प्रेत स्थानमसि)

तदनन्तर गन्धादि देकर संकल्प करे—

अमुक गोत्र अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट श्राद्धे एतानि गन्ध, पुष्प, धूप, दीप ताम्बूल यज्ञोपवीत वासांसि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

फिर सव्य हो, जलले मण्डल बनावे—

ॐ यथा चक्रायुधो विष्णुस्त्रैलोक्यं परिरक्षति।

एवं मण्डलतोयं वै सर्वभूतानि रक्षतु॥

तब पुनः अपसव्य होकर

ॐ इदमन्नमेतद् भू स्वामि पितृभ्यो नमः।

पढ़कर थोड़ा-सा अन्न कुश पर छोड़े।

फिर अन्न पर मधु (शहद) डालें—

ॐ मधुवाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।

मधुनक्तमुतोषसो मधु मत् पार्थिव ꣳ रजः मधुद्यौरस्तु नः पिता॥

मधुमान्नो वनस्पतिर्मधु मां अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः॥

तदनन्तर हाथों को नीचे की ओर कर—

ॐ पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखेऽमृतेऽमृतं

जुहोमि स्वाहा। ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधानिधे पदम्।

समूढमस्य पा ꣳ सुरे स्वाहा। ॐ कृष्णकव्यमिदं रक्ष मदीयम्।

पढ़कर अंगूठे से स्पर्श करे—

ॐ इदमन्नम्, ॐ इमा आपः, ॐ इदमाज्यम्, ॐ इदं हविः, फिर—अपहता असुरा रक्षा ꣳ सि वेदिषदः।

मन्त्र से तिल अन्न पर डाले। फिर जल कुशादि लेकर—

अद्यामुक गोत्र अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट

श्राद्धे इदमन्नं घृताद्युपस्कर सहितं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

जल छोड़ कर सव्य होकर तीन बार गायत्री मन्त्र पढ़ें। नारायण का ध्यान करें।

ॐ नमस्तुभ्यं विरुपाक्ष नमस्तेऽनेक चक्षुषे।

नमः पिनाक हस्ताय वज्रहस्ताय वै नमः॥

फिर अपसव्य होकर पिण्डदानार्थ वेदी पर कुशा से सात रेखाऐं— ॐ अपहता असुरा रक्षा ꣳ सि वेदिषदः।

मन्त्र से अथवा—

ॐ अयोध्या मथुरा माया काशी काची अवन्तिका।

पुरी द्वारावति ज्ञेया सप्तैते मोक्षदायिकाः॥

मन्त्र से खींच कर कुशा को उत्तर की ओर फेंक दे तब जलती हुई कुशा या लकड़ी लेकर

ॐ ये रुपाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वधयाचरन्ति।

परा पुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्ठांल्लोकान् प्रणुदात्वस्मात्॥

मन्त्र से रेखाओं पर धुमाकर दक्षिण की ओर फेंक दे।

रेखाओं पर जड़ रहित तीन कुशाओं को बिछाकर जल, तिल, गन्ध पुष्प लेकर—

अमुक गोत्रः अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट

श्राद्धे पिण्डस्थानेऽत्रावनेजनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥

से अवनेजन दे।

फिर घी, मधु, तिल युक्त पिण्ड हाथ में लेकर—

अमुकगोत्र अमुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट श्राद्धे एष ते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड देकर हाथ साफ कर—

ॐ अत्र पितरो मादयध्वं यथा भागमावृषायध्वम्।

पढ़कर उत्तराभिमुख होकर तीन सांस खीचकर

ॐ अमीमदन्त पितरो यथा भागमावृषायिषत

पढ़कर श्वास पिण्ड के ऊपर छोड़ दे।

फिर गन्ध पुष्प तिल जल लेकर—

अमुक गोत्रामुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक एकोद्दिष्ट श्राद्धे पिण्डोपरि प्रत्यवनेजनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

इससे पिण्ड पर प्रत्यवनेजन दे।

तब नींवी की गांठ खोलकर सव्य होकर हरि का स्मरण कर पुनः अपसव्य होकर दोनों हाथों से सफेद वस्त्र या सूत्र

ॐ नमस्ते पिता रसाय। नमस्ते पिता शोषाय।

नमस्ते पिता जीवाय। नमस्ते पिता स्वधायै।

नमस्ते पिता घोराय। नमस्ते पिता मन्यवे।

नमस्ते पिता पिता नमस्ते गृहान्नो पिता दत्तसतस्ते

पिता द्वेष्म एतत्ते पिता वासः।

मन्त्र से पिण्ड पर रखकर जल तिल लेकर

अमुक गोत्रामुक प्रेत अस्थि संचय निमित्तक

एकोद्दिष्टश्राद्धे पिण्डोपरि एतत् बासो ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

जल छोड़ दे। इसके बाद मौन भाव से गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवद्यादि समर्पित करें।

अमुक गोत्रामुक प्रेतात्रपिण्डे गन्ध, पुष्प, धूप दीप पूगीफल दक्षिणादीनि ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

फिर—

'ॐ शिवा आपः सन्तु'	**इससे जल चढ़ाऐं।**
'ॐ सौमनस्यमस्तु'	**इससे पुष्प चढ़ाऐं।**
'ॐ अक्षतं चारिष्टमस्तु'	**इससे अक्षत (चावल) चढ़ाऐं।**

तब जल लेकर—

अमुकगोत्रामुक प्रेत अस्थिसंचय निमित्तक एकोद्दिष्टश्राद्धे यद्दत्तमन्न पानादिकं तदक्षयमुपतिष्ठताम्।

पढ़कर जल छोड़े। तदनन्तर सव्य होकर पूर्वाभिमुख दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए—

'ॐ अघोरः पिता अस्तु'

दो बार पढ़ कर पिण्ड पर जल की धारा चढ़ाऐं। उसके बाद हाथ जोड़कर—

ॐ गोत्रन्नो वर्द्धतां, दातारो नोऽभिवर्द्धन्ताम्,

वेदाः सन्ततिरेव च। श्रद्धा च नो माव्यगमद्, बहुदेयञ्च

नोऽस्तु अन्नञ्च नो बहु भवेदतिथींश्च लभेमहि,

याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कञ्चन एताः

सत्या आशिषः सन्तु।

आशीर्वाद मांगे—तत्पश्चात् अपसव्य होकर कुशत्रय पिण्ड पर रख दूध और जलधारा दे—

ॐ ऊर्जंवहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परि स्रुतं स्वधास्थ तर्पयत मे पितृन्।

झुक कर पिण्ड को सूंघकर उठा ले एवं पिण्डाधार (पिण्ड के नीचे रखी हुई) कुशाओं को अग्नि में डाल दें। सव्य हो आचमन कर विष्णु का स्मरण करे—

ॐ अनादि निधनो देवः शंखचक्रगदाधरः।

अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्षप्रदोभव॥

ॐ प्रमादात् कुर्वतां कर्म्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद् विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः॥

फिर अष्टांग बलि तैयार करें—अष्टांग बलि में दूध, जल, फल, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, चावल आदि पत्तों पर बलियां सजाकर दिशाओं में (चार, आठ या दस की संख्या में) रखकर—

'ॐ क्रव्याद मुखेभ्यो देवेभ्यो नमः'

इस मन्त्र से श्मशानवासी देवताओं की गन्ध, पुष्प, धूप, दीप आदि से पूजा करे उसके बाद बलिदान करें—

येऽस्मिन् श्मशाने देवाः स्युःभगवंतः सनातनाः।

तेऽस्मत्सकाशात् गृह्णन्तु बलिमष्टांगमक्षयम्॥ 1॥

प्रेतस्यास्य शुभान् लोकान् प्रयच्छन्तु च शाश्वतान्।

अस्माकमायुरारोग्यं सुखं च ददतां चिरम्॥

पढ़कर पूर्वादि क्रम से दिशाओं में श्मशानवासी शकरादि देवताओं को समर्पित करे।

ऐषोऽष्टांग वलिः शंकरादि-श्मशानवासि देवताभ्यो नमः।

तत्पश्चात् दूध, जल, अथवा पंचगव्य चिता पर छिड़क कर शमी या ढाक (पलाश) की टहनी से अनामिका ओर अंगूठे से पहले सिर की हड्डी ले फिर छाती हाथ, बगल और पांव की हड्डियां ले कुछ अस्थियों को पंचगव्य और गंगाजल से स्नान करा कर गन्धादि से पूजन कर पलाश के पत्तों के दोने में रख, मिट्टी के नए पात्र में रखकर चिता स्थान से 15 पद उत्तर की ओर चलकर जमीन में गाड़ दे उसके बाद अष्टवलियों पर चावल छिड़क शंकरादि देवताओं को विसर्जित करे। **''शंकरादि देवता स्वीयं स्वीयं स्थान गच्छन्तु''—इति।** चितास्थान पर एक पत्थर (शिवलिंग स्वरूप) स्थापित कर उसकी गन्ध पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य,जलपूर्ण कुम्भ से विधिवत्-पूजन कर प्रार्थनाकर नमस्कार करें और स्वयंबन्धुओं सहित वस्त्रसहित स्नान कर घर लौटे।

फिर यथावकाश (दस दिनों के भीतर अधिक श्रेष्ठ है अन्यथा गुरु शुक्रास्त आदि का विचार कर दस दिन के भीतर कोई विचार नहीं) गंगादि तीर्थों में जाकर अस्थियों को पंचगव्यादि से स्नान करा कर पूजन कर दक्षिण की ओर देखता हुआ।

''ॐ नमोऽस्तु धर्मराजाय पितुः प्रेतत्वमुक्तये।

स मे प्रीतः शुभं दद्यादस्मिन् लोके परत्र च॥''

पढ़ कर गंगा में विसर्जित करे और स्वयं स्नान कर सूर्य के दर्शन कर प्रणाम करें।

अथ दशगात्र विधि :

कर्म कर्ता स्नानकर, शुद्ध वस्त्र पहन, चावल पका, तिलतैल का दीपक जला कर—

द्वौ दर्भौ दक्षिणे हस्ते, त्रीणि वामे कुशत्रयम्।
शिखायां पादमूले च सकृत् यज्ञोपवीतके॥

पवित्रे धारणकर वेदी बनाकर

ऊँ अयोध्या मथुरा माया काशी काँची अवन्तिका।
पुरी द्वारावती ज्ञेया सप्तैताः मोक्षदायिकाः॥

इससे प्रोक्षणकर दक्षिणाभिमुख एवं अपसव्य हो, छिन्नमूल दक्षिणाग्रकुशाएँ फैलाकर, आचमनकर तथा प्राणायाम कर कुशत्रय तिलजल लेकर—

देशकालौ संकीर्त्य-अमुकगोत्रामुक प्रेतस्य प्रथमे अहनि शिरो निष्पत्यर्थम् अवयव श्राद्धं करिष्ये

संकल्प कर जल तिल गन्धपुष्प लेकर—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत शिर पूरक प्रथम पिण्ड स्थाने
अत्रावनेजनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड वेदी पर तीन कुशाओं पर अवनेजन देकर तिल, घृत, मधु, दूध युक्त पिण्ड लेकर—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत शिरः पूरक एषः प्रथमः पिण्डो
मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

कुशाओं के ऊपर पिण्ड रख दें। तदनन्तर जल तिल गन्धपुष्प लेकर प्रत्यवनेजन दे—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत शिरः पूरक प्रथम पिण्डे अत्र

प्रत्यवनेजनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड के ऊपर चढ़ा दें।

फिर मौन भाव से ऊनी धागा, गन्धपुष्प, धूप, दीप नैवेद्य ताम्बूल पूगीफल आदि सब सामग्री पिण्ड पर चढ़ाए और जल लेकर—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत शिरः पूरकपिण्डे एतानि ऊर्णासूत्र
गन्ध पुष्प, धूप दीप ताम्बूलादीनि मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्॥

फिर—

'अर्चनविधेः परिपूर्णताऽस्तु'।

यह कह कर जल दूध, तिल गन्ध फूलादि लेकर

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत दाहजनित तृषोपशमनार्थं
एष तिल तोयाञ्जलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

फिर तिलजल लेकर—

अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत एतत्ते तिलतोय पूर्णपात्रं
पिण्डोपरि मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अवशिष्ट जलधारा पिण्ड पर दें। फिर पिण्ड उठाकर वेदी पर दक्षिणाग्र तीन कुशाऐं रख, उन पर तीन पुटकों में जल, दूध और फूल रख, दीप जलाकर तिल डाल कर जल लेकर—

अद्यामुक गोत्रमुक प्रेत शिरः पूरक पिण्डस्थाने स्नानार्थ
इदं नीरं, पानार्थमिदं क्षीरं घ्राणार्थमिमानि माल्यानि
तिमिर निवारणार्थमेषः प्रदीपः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठताम्।

जल छोड़े, फिर पहला पुटक उठा कर—

'अनेन नीरेण त्वमत्र स्नाहि।'

कुशाओं पर जल उत्सर्जन करें। द्वितीय पुटक लेकर—

'इदं क्षीरं त्वमत्र पिव।'

कुशाओं पर दूध डालें। तृतीय पुटक लेकर—

'इमानि माल्यानि त्वमत्र परिधेहि।'

फूल चढ़ाए फिर अंगूठे से निर्दिष्ट करे—

'अनेन दीपेन त्वं यममार्गं पश्य।'

उसके बाद सव्य हो पूर्वाभिमुख हो प्रेत की मुक्ति के लिए भगवान से प्रार्थना करें—

ऊँ प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णंस्यादिति श्रुतिः॥
मंत्रतः तंत्रतः छिद्रं देश कालार्हवस्तुतः।
सर्वं करोतु निश्छिद्रं नाम संकीर्तनं हरेः॥
नाम संकीर्तनं यस्य सर्व पाप प्रणाशनम्।
प्रणामो दुखशमनं तं नमामि हरिं परम्॥
अतसी पुष्प संकाशं पीतवाससमच्युतम्।
ये नमस्यन्ति गोविन्दं न तेषां विद्यते भयम्॥
कृष्ण कृष्ण कृपालो त्वमगतीनां गतिर्भव।
संसारार्णवमग्नानां त्राताभव जनार्दनः॥
अनादि निधनो देवः शंख चक्रगदाधरः।
अक्षय्यः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्ष प्रदोभव॥

इस प्रकार प्रार्थना करे—

काकोसि यमदूतोसि गृहाण वलिमुत्तमम्।
यमद्वारे गते प्रेते तमाप्यायितुमर्हसि॥

कौवे को बलि दे। पिंड को जल में विसर्जित करें या गौ को खिला दें फिर स्नान कर घर आए, गोग्रास दें और ब्राह्मण भोजन दें।

इसी प्रकार दस दिन तक पिण्ड देने के साथ-साथ तिलजलांजलि तथा तिलजल पात्र दें।

दूसरे दिन के पिण्ड के लिए संकल्प इस प्रकार करें—

अमुक गोत्रामुक प्रेत कर्णाक्षि नासिका पूरको द्वितीय पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत द्वितीय दिने द्वे तिल तोयांजली ते मया दीयेते तवोपतिष्ठेताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत द्वितीये दिने द्वे तिलतोय पात्रे

ते मया दीयेते तवोपतिष्ठेताम्।

तीसरे दिन के पिण्डार्थ—

अमुक गोत्रामुक प्रेत गलांस भुजवक्षः पूरकः तृतीयपिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत त्रयस्तिल तोयांजलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत त्रीणि तिलतोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

चतुर्थ दिन के लिए—

अमुक गोत्रामुक प्रेत नाभि, लिंग, गुद पूरकश्चतुर्थ पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत चत्वारस्तिल तोयांजलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत चत्वारि तिल तोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

पंचम दिन के लिए—

अमुक गोत्रामुक प्रेत जानु जंघा पाद पूरकः पंचम पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत पंच तिल तोयाञ्जलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत पंचतिलतोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

छठे दिन के पिण्ड के लिए—

अमुक गोत्रामुक प्रेत सर्वमर्म पूरक षष्ठः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुकगोत्रामुक प्रेत षट्तिल तोयाञ्जलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत षट् तिल तोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

सप्तम दिन में—

अमुक गोत्रामुक प्रेत सर्वनाड़ी पूरकः सप्तम पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। अमुक गोत्रामुक प्रेत सप्ततिल तोयाञ्जलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत सप्ततिल तोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अष्टम दिन के कृत्य में—

अमुक गोत्रामुक प्रेत लोमादि पूरको अष्टमः पिण्डस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत अष्टौ तिल तोयाञ्जलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत अष्टौ तिल तोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्

नवम दिन—

अमुक गोत्रामुक प्रेत वीर्यपूरको नवमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत नवतिल तोयांजलस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत नव तिल तोय पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

दसवें दिन में—

अमुक गोत्रामुक प्रेत क्षुत्-पिपासा पूरको दशमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत दश तिल तोयाञ्जलयस्ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

अमुक गोत्रामुक प्रेत दशतिल तोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।

शेष सभी कृत्य जल, दूध, पुष्प, दीपादि का दान एवं भगवत्प्रार्थना प्रथम दिन के कृत्य के समान ही करें।

एकादशाह—

स्नानकर नवीन यज्ञोपवीत शुद्ध वस्त्र धारणकर गोबर द्वारा लिपी हुई भूमि पर तिल बिखेर कर रक्षादीप जलाकर कुशधारण, आत्मसिंचन आचमनपूर्वक संकल्प करें—

अद्यामुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्ति पूर्वक पितृसमत्व प्राप्त्यर्थं आद्य मासिक त्रैपक्षिक, द्वितीयमासिक, तृतीय चतुर्थ पंचम ऊनषाण्मासिक, षण्मासिक, सप्तम, अष्टम, नवम, दशम, एकादश, ऊनाब्दिक, द्वादश मासिकानि स्वकाल कर्तव्यानि षोडश श्राद्धानि सपिण्डीकरणाधिकार सिद्धयर्थं एकादशे अहन्यपकृष्य एकोद्दिष्ट विधिना करिष्ये—*

जनेऊ अपसव्यकर जललेकर—

ॐ अद्यामुक गोत्रामुक प्रेत आद्यश्राद्धमारभ्य द्वादशमासिक श्राद्ध पर्यन्तं

---

* यहाँ एकोद्दिष्ट विधि मन्त्रसहित 'अस्थिसंचय' पृष्ठ 20 से 25 में निर्दिष्ट है, मासिक एकोद्दिष्ट श्राद्धों में भी इसी विधि के अनुसार करें, वहाँ 'एकोद्दिष्टविधिना अमुक मासिक श्राद्धमहं करिष्ये' एवं प्रेत शब्द के स्थान पर 'पित्तर' तथा 'तवापतिष्ठताम्' वाक्य के स्थान पर 'तस्मै ते स्वधा' वाक्य का प्रयोग करें।

इमानि आसनानि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्। आसन दें। इस प्रकार शेष सब क्रिया पूर्ववत् करते हुए सोलह पिण्डदान कर अन्त में सान्नोदक कुम्भदान करें— **अद्यामुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य आद्य श्राद्ध निमित्तक इदं सान्नोदकं कुम्भं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।** फिर दान प्रतिष्ठा कर

ॐ प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेता ध्वरेषुयत्।
स्मरणादेव तद् विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।

कर्म पूर्ति के लिए हरि का स्मरण करें।

सपिण्डन श्राद्ध प्रयोग—

कर्म कर्ता स्नान कर पूर्वाभिमुख बैठ आचमन, प्राणायामादि कर घी की दीपक जला कर पवित्री धारण कर, आत्मसिंचन कर श्वेत सरसों बिखेरने के बाद प्रतिज्ञा संकल्प करें—

देशकालौ संकीर्त्य ॐ अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्तये उत्तम लोक प्राप्त्यर्थं अमुक गोत्रैः अमुकप्रेतस्य पितृ पितामह प्रपितामहैरहमुकामुक शर्मभिः वसु रुद्रादित्य स्वरुपैः सह एकोद्दिष्ट पार्वणोभयात्मकं सपिण्डीकरणश्राद्धं करिष्ये, इति।

स्त्री प्रेत के लिए प्रतिज्ञा संकल्प—

ॐ अमुक गोत्रायाः अमुकी प्रेतायाः प्रेतत्व निवृत्तिपूर्वक उत्तम लोक प्राप्त्यर्थं अमुक गोत्राभिः अस्मत् पितामही प्रपितामही वृद्ध प्रपितामहीभिः गंगा यमुना सरस्वती स्वरूपाभिः सह सपिण्डीकरणं श्राद्धं करिष्ये इति।

फिर तीन बार गायत्री जापकर जल यव कुश लेकर—

ॐ अद्यामुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य सपिण्डीकरण श्राद्धनिमित्तक अमुक गोत्राणां पितामह, प्रपितामह, वृद्धप्रपितामहानां अमुकामुक शर्मणां सपिण्डीकरण श्राद्ध सम्बन्धि काल काम संज्ञिकानां विश्वेषां देवानां ॐ भूर्भुवः स्वः इदमासनं सुखासनं स्वाहा नमः।

ॐ विश्वे देवा सऽआगत शृणुताम इमꣳहवम्। एदं वहिर्निषीदत॥

विश्वेदेवो का आवाहन कर, पूर्वविधि पूर्वक जनेऊ सव्य में ही विश्वेदेवो को अर्ध्य प्रदान करे तथा गन्ध पुष्पादि प्रदान करें विश्वेदेवो के लिए सर्वत्र संकल्प के अन्त में स्वाहा नमः का प्रयोग करें।

फिर अपसव्य कर तिल जल लेकर—

अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य सपिण्डीकरण श्राद्धे इदमासनमुपतिष्ठताम्।

प्रेत के लिए आसन दे (इसी प्रकार प्रेत के लिए सब क्रियाओं में 'उपतिष्ठताम्' शब्द का प्रयोग करे।)

तदनन्तर तिल जल लेकर—

अद्यामुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य सपिण्डीकरण श्राद्धनिमित्तक अमुक गोत्राः पितामह प्रपितामह बृद्धप्रपितामहाः अमुकामुक शर्माणः सपिण्डीकरण श्राद्धे इमानि आसनानि (त्रेधा विभज्य) वः स्वधा। पितरों के लिए आसन दें (पितरों के लिए सव क्रियाओं में 'स्वधा' का उच्चारण करें।)

शेष सब क्रियाओं को पूर्व विधि अनुसार करे अर्ध्य, गन्ध पुष्पादि दान कर तथा पिण्डदान के पश्चात् सुवर्ण, रजत कुशादि लेकर प्रेतपिण्ड के निम्न मन्त्र पढ़ते हुए तीन भाग कर दे—

ऊँ ये समानाः सुमनसः पितरो यमराज्ये।
तेषां लोकः स्वधानमो यज्ञो दैवेषुकल्पताम्॥ 1॥
ऊँ ये समानाः सुमनसो जीवा जीवेषु मामकाः।
तेषांꣳश्रीमयि कल्पतामस्मिल्लोके शतꣳसमाः॥ 2॥

फिर प्रेतपिण्ड का पहला भाग लेकर—

ऊँ अमुक गोत्रस्यामुक प्रेतस्य प्रथमपिण्ड शकलं अमुक गोत्रस्य पितामहस्यामुक शर्मणः वसुरुपस्य पिण्डेन सह संयोजयिष्ये॥

पितामह के पिण्ड से मेलन करे इसी प्रकार दूसरे भाग का रुद्र रूप प्रपितामह के पिण्ड से और तीसरे भाग का आदित्य रूप वृद्धप्रपितामह के पिण्ड से मेलन करे। तदनन्तर तीनों पिण्डों पर अक्षयोदक दे, पुष्प अक्षत जलादि चढ़ाए और पूर्वाग्रा जल धारा दे फिर हाथ जोड़ कर पूर्वाभिमुख बैठ **'ऊँ गोत्रं नो वद्र्धताम्'** इत्यादि मन्त्र से आशीर्वाद माँगे। तदनन्तर अपसव्य हो दक्षिणाभिमुख होकर दक्षिणाग्र कुशा पिण्डों पर रख **'ऊँ उर्जं बहन्ती'** इत्यादि मंत्र से जल धारा एवं दुग्ध धारा दे फिर पिण्डों को सूंघ कर उठा ले और पिण्डाधार कुशाओं को अग्नि में डाल दे। सव्य होकर विश्वेदेव के अर्घ्यपात्र को हिलाए और अपसव्य से पितरों के पात्रों को सीधे कर विसर्जन कर दक्षिणा ब्राह्मण को देकर विष्णु का स्मरण करते हुए कार्य पूर्ति करे (तदनन्तर किसी भी कार्य में मृतक के लिए 'प्रेत' शब्द का प्रयोग न करे, 'पितृ' शब्द का उच्चारण करें।)

अथ शय्यादानम्

ॐ अद्याशौचान्त द्वितीयेह्नि अमुक गोत्रस्य पितुरमुक प्रेतस्य स्वर्गकामः शय्यादानं करिष्ये।

ॐ इमां सोपकरणां शय्यां ददामीति।

ॐ सोपकरणशय्यायै नमः। शय्या का पूजन कर

ॐ अद्यैकादशेऽह्नि अमुक गोत्रस्य पितुरमुक प्रेतस्य परलोके सुख शयनार्थं स्वर्गलोक प्राप्तयर्थमिमां सोपस्करां शय्यां विष्णुदैवतत्यामुक गोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं संप्रददे।

ॐ अद्य कृतैतत्सोपकरणशैय्यादान कर्मणः प्रतिष्ठा सिद्धयर्थमिदं हिरण्यमग्नि दैवतममुक गोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

ॐ यथा न कृष्णशयनं शून्यं सागरजातया।

शय्या ममाप्यशून्यास्तु तथा जन्मनि जन्मनि॥

इति पठित्वा प्रणम्य विसृजेत्। इति शैय्यादानम्।

अथ कपिला दानम्

तत्रादौ पुण्यदेशे यथोक्तलक्षणवतीं गाँ प्राङ्मुखीमवस्थाप्य, यथोक्तलक्षणं सत्पात्रं तदभावे अनिषिद्धं ब्राह्मणं उपवेश्य। स्वयं गोपुच्छदेशे प्राङ्मुख उपविश्य, सव्येन आचम्य, प्राणानायम्य, कुशत्रय-तिलजलान्यादाय देशकालौ संकीर्त्य।

ॐ अमुक गोत्रस्यास्मत्पितुरमुकशर्मणः स्वर्गलोक प्राप्तिकामो गोदानमहं करष्ये।

तदंगतया गोब्राह्मणस्य च पूजनं करिष्ये।

इति संकल्प्य ब्राह्मण पाद्यादिभिः संपूज्य हस्ते पुष्प चन्दनं ताम्बूलवासांस्यादाय।

ऊँ अद्य-करिष्यमाणोगोदानार्थं त्वामहं वृणे।

इति वृणुयात्। ऊँ वृतोस्मीति प्रतिवचनम्।

अथ गो पूजाक्रमः।

आवाहयाम्यहं देवीं त्रैलोक्यस्य च मातरम्।

यस्याः शरणामाविष्टः सर्वपापैः प्रमुच्यते॥

इत्यावाहनं

त्वं देवी त्वं जगन्माता त्वमेवासि वसुंधरा।

सावित्री त्वं च गायत्री गंगा त्वं च सरस्वती॥

तृणानि भक्षसे नित्यं अमृतं स्रवसे प्रभो।

भूत-प्रेत-पिशाचांश्च पितृ-दैवत-मानुषान्।

सर्वांस्तारयसे देवि नरकात् पापसंकटात्॥

ऊँ भूर्भुवः स्वर्धेनो इहागच्छ इह तिष्ठ।

इति प्रतिष्ठापनम्। ततः

सर्वदेवप्रियं देवि चन्दनं मलयोद्भवम्।

कस्तूरिकुंकुमाढ्यं च गौ गन्धं प्रतिगृह्यताम्॥

इतिगन्धः।

ऐरावतकुले जाता शतक्रतुप्रिया सदा।

या लक्ष्मीः सर्वभूतानां या च देवेष्ववस्थिता॥

धेनुरूपेण सा देवी मम पापं व्यपोहतु।

इति पुष्पाणि। अथाँग पूजा।

ॐ आस्याय नमः, ॐ शृंगाभ्यां नमः, ॐ पृष्ठाय नमः, ॐ पुच्छाय नमः, ॐ पूर्वपद्भ्यां नमः, ॐ पश्चिम पद्भ्यां नमः।

फिर अंग पूजा करे, पहले मुँह, सींग, कमर, पूंछ सामने और पीछे के चारों पाँवों का स्पर्श कर ॐ वनस्पति इस मन्त्र से धूप दिखाएं।

ऊँ वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धढ्यो गन्ध उत्तमः।

आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।

इति धूपः।

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया।

दीपं गृहाण सुरभे मया दत्तं हि भक्तितः।

इति दीपम्।

वैष्णवि सुरभि मातः नित्यं विष्णुपदे स्थिते।

नैवेद्य हि मया दत्तं गृह्यतां पापहारिणे॥

इति नैवेद्यम्।

आच्छादनं च कौशेयं शुद्ध चैव सुनिर्मलम्।

सुरभ्यै दीयमानं तु प्रीयतां केशवः स्वयम्।

इति वस्त्रम्।

यत्ते मयार्पितं शुद्धं घंटं चामरमण्डितम्।

सुरभे तद् गृहाणेदं मुनिन्द्रिदशवन्दितम्॥

इति घण्टाचामरं। ततः गन्धादिभिः संपूज्य, प्रदक्षिणां कृत्वा, उदङ्मुखो गोपुच्छं गृहीत्वा, कुशत्रय-यव-तिल-जलैः तर्पणं कुर्य्यात्।

ॐ देवासुरास्तथा यक्षा नाग-गन्धर्वराक्षसाः।

पिशाचा गुह्यकाः सिद्धाः कुष्माण्डास्तरवः खगाः॥

जलेचरा भूमिलया वाय्वाधाराश्च जन्तवः।

प्रीतिमेते प्रयान्त्वाशु मद्दत्तेनाम्बुनाखिलाः।

आब्रह्मणो ये पितृवंशजाता, मातुस्तथा वंशभवा मदीयाः। वंशद्वयेऽस्मिन् मम दासभूता भृत्यास्तथैंवाश्रितेसेविकाश्च। ते सर्वे तृप्तिमायान्तु गोपुच्छोदकतर्पणैः।

इति तर्पणं कृत्वा।

ॐ या लक्ष्मीः सर्वभूतानां या च देवेष्ववस्थिता।

धेनुरूपेण सा देवी मम पापं व्यपोहतु॥

गावो ममाग्रतः सन्तु गावो मे सन्तु पृष्ठतः।

गावो मे हृदये सन्तु गवां मध्ये वसाम्यहम्॥

इति प्रार्थ्य। गोपुच्छं, कुशत्रय, तिल-जलानि चादाय, देशकालौ संकीर्त्य।

ॐ अमुकगोत्रस्य अस्मत् पितुरमुक शर्मणः स्वर्गकाम इमां गां सवत्सां सुपूजितां, पयस्विनीं, सुवर्णशृङ्गी, रौप्यखुरां, ताम्रपृष्ठीं, वस्त्रयुगाच्छन्नां, कांस्यपानीयपात्राम्, पैत्तिल-दोहनपात्रां, रुद्रदैवाताममुक गोत्रायामुक शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे।

इति संकल्प गोपुच्छं साक्षात् कुशोदकं विप्रहस्ते दद्यात्। ॐ स्वस्तीति प्रतिवचनम्। ततः।

यज्ञसाधनभूता त्वं विश्वस्याघप्रणाशिनी।

विश्वरूपधरो देवः प्रीयतामनया गवा॥

इति प्रार्थ्य, दक्षिणाद्रव्यादिकमादाय—

ॐ अद्य कृतैतद् गोदानप्रतिष्ठार्थमिमं हिरण्यमग्नि दैवतममुक गोत्रायामुक शर्मणे ब्राह्मणाय दक्षिणां तुभ्य महं सम्प्रददे।

इति दक्षिणां दद्यात्। ततः प्रतिगृहीता ॐ स्वस्तीत्युक्त्वा—

कोदात्कस्मादादिति कामस्तुति पठेत्।

स्तुति पठेत्। ततो दाता अनेन कर्मणा श्रीनारायणः प्रीयताम् इति पठित्वा, विप्रं विसृज्य कर्मपूर्तिकामो विष्णुं स्मरेत्। इति गोदान विधिः।

त्रयोदश पददानम् तत्र आसनं 1, उपानहौ 2, छत्र 3, मुद्रिका 4, कमण्डलु 5, अन्नं 6, जलं 7, भाजनानि 8, वस्त्राणि 9, आज्यं 10, यज्ञोपवीतं 11, यष्टि 12, ताम्बूलं च 13, इमानि त्रयोदशानि पददान-द्रव्याणि यथाशक्ति सम्पाद्य कुशत्रय-तिल-जलान्यादाय, देशकालौ संकीर्त्य (अपसव्येन)।

ॐ अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य परलोके सुखप्राप्त्यर्थ
असद्गति-निवारणार्थं इमानि-आसनोपानहौ, छत्रं,
मुद्रिका कमण्डलु अन्न, जल, भोजन, वस्त्र, आज्य,
यज्ञोपवीत, ताम्बूलानि त्रयोदश पदानि नाना
दैवतानि, नानानाम गोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दातुमह-
मुत्सृजे। प्रेताय उपतिष्ठन्तां एभिस्त्रयोदशपददानैरमुक
प्रेतस्य प्रेतत्वनिवृत्तिः सद्गतिप्राप्तिश्चास्तु।

इति पठेत्। इति त्रयोदशपददानम्।

